# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 01/02/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Amarujala, Meerut, (UP)**

# मेरठ पुलिस के जवान लेंगे रैपो में दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण

## ● यूपी पुलिस के कुल 63 कार्मिक भाग ले रहे

पीएनएस। नई दिल्ली/मेरठ

मेरठ पुलिस के समक्ष दंगा नियंत्रण से बढ़ती चुनौतियों का सामना करने की दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस मेरठ रेंज मेरठ के कार्मिकों के लिए प्रभावी दंगा नियंत्रण के संबंध में द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ में विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। वर्तमान में रैपो में उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों के लिये 04 सप्ताह का दंगा नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण दिनांक 30 जनवरी से 25 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। इसमें यूपी पुलिस के कुल 63 कार्मिक भाग ले रहे हैं। उपरोक्त प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ रैपो मेरठ के प्रांगण में सोमवार को 30 जनवरी को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो, मेरठ द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रकार के प्रशिक्षण को देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी बताया।

इन प्रशिक्षण के दौरान इन प्रशिक्षणार्थियों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओ, भीड़ के मनोविज्ञान, पुलिस पब्लिक व्यवहार, साम्प्रदायिक सदभाव, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, दंगा विरोधी ड्रिल, केस स्टडीज, मानवाधिकार के साथ-साथ दंगा नियंत्रण के दौरान अपनायी जाने वाली विभिन्न फारमेशनों एवं आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रयासों के फलस्वरूप स्थापित दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान, द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी, (रैपो) मेरठ अखिलेश सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में लोक व्यवस्था प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

Savnad News, Meerut, (UP)

# पुलिस कार्मिक को आधुनिक तकनीक का दिया प्रशिक्षण

दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण लेते पुलिस के कार्मिक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**परतापुर।** मेरठ पुलिस के समक्ष बढ़ती चुनौतियों के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस मेरठ रेंज के कर्मचारियों के लिए प्रभावी दंगा नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण दिया गया। द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ में यह प्रशिक्षण दिया गया। यहां रैपो में उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है । प्रशिक्षण में 63 कार्मिक भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ रैपो मेरठ के प्रांगण में सोमवार को अखिलेश कुमार सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक (रैपो) मेरठ द्वारा किया गया। अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि उनके लिए यह प्रशिक्षण बेहद उपयोगी साबित होगा। इससे उन्हें कई चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के बाद दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओं के साथ ही मानवीय व्यवहार और जनता से संपर्क से लेकर अन्य विधाओं में निपुण होने में मदद मिलेगी।

नए विशेष उपकरणों के साथ प्रशिक्षण दिया गया और आधुनिक तकनीक के साथ ही नई चुनौतियों से निपटने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वज्र एवं वरूण सहित अन्य ने तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।